संक्षिप्त खबरें

बैंक आफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन करते अतिथिगण • सौ.बैंक

बैंक आफ बड़ौदा की नई शाखा शुरू

प्रयागराज : बैंक आफ बड़ौदा प्रयागराज-2 क्षेत्रीय कार्यालय के तहत चकदाउद नगर (अरैल मोड़, रामनगर चौराहा, नैनी) में नई शाखा की शुरुआत की गई। आयोजन का उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ। महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, वाराणसी अंचल मिथिलेश कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, प्रयागराज-2 चंद्रकांत चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से फीता काटा। बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। अंचल प्रमुख मिथिलेश कुमार ने बैंक की प्रगति पर प्रकाश डाला। बताया कि मार्च 2026 तक बैंक आफ बड़ौदा का वैश्विक कारोबार 30 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर चुका है। इस दौरान अरविंद श्रीवास्तव, विजय विक्रम सिंह, शैलेंद्र गौतम, अंकित पाराशर, पवन कुमार यादव, बुलबुल राव, अरुण यादव आदि मौजूद रहे।

हथिगहां बवाल में सात नामजद और 20 अज्ञात पर केस

संसू, जागरण, नवाबगंज : हथिगहां गांव में बीती रविवार की रात मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। विवाद का कारण घर के बाहर खड़ी कार को हटाने को लेकर हुआ। इस दौरान हमलावरों ने न केवल परिवार पर हमला किया, बल्कि घर में घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी भी की। पुलिस ने इस मामले में सात नामजद आरोपियों के साथ-साथ 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता ऊषा देवी की तहरीर के अनुसार, पांच अप्रैल की रात करीब 11 बजे उनका बेटा अभय गुप्ता घर पहुंचा, जहां कुछ लोग शराब पी रहे थे। कार हटाने के लिए कहने पर कंचन सिंह उर्फ मुन्ना यादव, कुंदन यादव उर्फ बबका, नितिन यादव उर्फ टिवकू, नितिश यादव उर्फ मार्का, प्रद्युम्न यादव, राजू यादव और उत्सव यादव भड़क उठे।

सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से कराया गया मुक्त

जासं, प्रयागराज : शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर तहसीलों के अंतर्गत आयोजित थाना समाधान दिवस में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के संबंध में प्राप्त शिकायती पत्रों पर डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करते हुए सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। तहसीलदार बारा द्वारा थाना दिवस में प्राप्त शिकायती पत्रों में उल्लिखित सरकारी भूमियों-ग्राम सोनौरी में, ग्राम नाली में एवं ग्राम लकहर में सरकारी भूमियों पर हुए अवैध कब्जे को क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा हटवाते हुए प्रकरणों का निस्तारण कराया गया।

आवारा कुत्ते के दौड़ाने पर गिरा स्कूटी सवार युवक, हुई मौत

मनमोहन पार्क के निकट हुआ दर्दनाक हादसा

जासं, प्रयागराज : आवारा कुत्तों ने शुक्रवार रात एक युवक की जान ले ली। मनमोहन पार्क के पास स्कूटी से जा रहे 24 वर्षीय आकाश जैसवार को आवारा कुत्तों ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इससे आकाश की स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से पुलिस जख्मी युवक को बेली अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तब परिवार में मातम छा गया।

बताया गया है कि कैंट क्षेत्र के ऊंचवागढ़ी राजापुर निवासी ओम प्रकाश का बड़ा बेटा आकाश लाइट हाउस और कैटरिंग का संचालन करता था। शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह स्कूटी से कहीं जा रहा था। कर्नलगंज थाना क्षेत्र में मनमोहन पार्क के पास पहुंचा, तभी आवारा कुत्तों ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इससे आकाश स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया और सिर पर गंभीर चोट लगने से घायल हो गया। राहगीरों से खबर पाकर कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को बेली अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दर्दनाक हादसे का पता चलते छोटा भाई विकास सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे। करीबियों ने बताया कि पिता की बीमारी के कारण आकाश ने कारोबार संभाल लिया था, लेकिन इस हादसे से सभी लोग सदमे में हैं। इंस्पेक्टर कर्नलगंज संजय कुमार सिंह का कहना है कि कुत्तों की वजह से स्कूटी सवार युवक की मौत हुई है।

हेलमेट नहीं लगाया था : पुलिस का कहना है कि जांच से पता चला है कि स्कूटी सवार आकाश ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। कुछ लोगों का कहना है कि अगर हेलमेट होता तो शायद जान बच सकती थी। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद लोग गम में डूबे रहे। बेटे की मौत पर मां निशा देवी और पिता ओम प्रकाश भी बिलखते रहे।

मां से मिथुन ने बोला था, सऊदी से नहीं लौट पाऊंगा जिंदा

संसू, उग्रसेनपुर : सऊदी में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाले उदगी गांव निवासी 28 वर्षीय मिथुन का शव आखिरकार शनिवार को घर लाया गया। उसकी 13 मार्च को सऊदी में संदिग्ध दशा में मौत हो गई थी। इसके पहले उसने अपनी मां को फोन किया था और बोला था कि शायद वह सऊदी से जिंदा वापस नहीं आ पाएगा। फूलपुर थानांतर्गत उदगी ग्राम सभा का रहने वाला मिथुन कुमार बिंद करीब एक वर्ष पूर्व सऊदी अरब में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने गया था।

गोशालाओं को बनाएं आत्मनिर्भर

जासं, प्रयागराज : दो दिवसीय दौरे पर आए दुग्ध विकास विकास के विशेष सचिव राम सहाय ने मंडल के चारों जनपदों के पशुपालन विभाग से जुड़े अफसरों के साथ बैठक की। मंडलायुक्त आवास के सभागार में हुई बैठक में गोशालाओं की कमियों को दूर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए।

विशेष सचिव ने अपने दो दिनी भ्रमण के दौरान प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़ और कौशांबी जनपद की कई गोशालाओं का भ्रमण किया था। इस दौरान लगभग हर जगह एक सबसे बड़ी समस्या दिखी, यह थी पशुओं का कमजोर होना। इसके अलावा कौशांबी की गोशाला में गोबर डंप था। कई जगह चारे-पानी वाली चरही कम थीं या सुव्यवस्थित नहीं थीं। निरीक्षण के बाद चारों जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर चर्चा की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि राजस्व और पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर काम करें।

आरआर सुपरस्टार वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं रनों की बौछार !
GdCurrAds/AB/1095/hin

भाई बोला-साजिश के तहत प्रतापगढ़ जेल में हुई दीपक की हत्या

संसू, जागरण, चकलवंशी (उन्नाव) : प्रतापगढ़ जेल में माखी के पुरवा निवासी दीपक उर्फ राहुल की शुक्रवार को आग से जलकर मौत के मामले में उसके बड़े भाई रंगेलाल उर्फ रोहित ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भाई ने खुदकुशी नहीं की बल्कि साजिश के तहत जेल में उसकी हत्या की गई। जिन आरोपों में भाई दीपक जेल में बंद था, वह मनगढ़ंत थे। भाई को फर्जी फंसाया गया था। शनिवार तड़के चार बजे प्रतापगढ़ से शव गांव पहुंचने पर चीख-पुकार मच गई। बिना कार्रवाई के स्वजन ने अंतिम संस्कार से मना कर दिया। सीओ सफीपुर सोनम सिंह व एसओ माखी योगेश सिंह मामला प्रतापगढ़ का बता स्वजन की पूरी बात वहां के अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा देकर उन्हें शांत किया।

एसबीआइ जंघई शाखा में लगी आग

संसू, जंघई : जंघई बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में शनिवार भोर में भीषण आग लग गई। इसमें बैंक के भीतर खड़ी एक बाइक समेत कंप्यूटर सिस्टम, फर्नीचर और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि समय रहते भवन स्वामी की नींद खुल गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बैंक जिस भवन में स्थित है, उसकी दूसरी मंजिल पर मकान मालिक धर्मेंद्र उर्फ कल्लू जायसवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार सुबह करीब चार बजे बैंक के भीतर आग लग गई। सुबह पांच बजे जब धर्मेंद्र की नींद खुली तो उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। नीचे आकर देखा तो बैंक के अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग जमा हो गए। घर में मौजूद लोग आननफानन बाहर निकल आए। फायर ब्रिगेड की टीम सुबह छह बजे मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बैंक का अंदरूनी हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। बैंक में खड़ी एक बाइक और डिजिटल सिस्टम पूरी तरह नष्ट हो गया था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग किन कारणों से लगी, अभी यह स्पष्ट नहीं है।

Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute
कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
सी०जी० सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
उत्तर प्रदेश सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान
Website: www.cancerinstitute.edu.in email: executiveregistrar.ksssci@gmail.com

RECRUITMENT NOTICE
For Contractual Engagement of Superannuated Persons

Sr. No	Name of Post	No. of Posts	Max. Age /Remuneration (Fixed Salary)
1	कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (Junior Administrative Officer)	01	64 Years Rs. 35400/- or (Last basic pay minus Pension), whichever is less
2	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (Senior Administrative Officer)	01	64 Years Rs. 47600/- or (Last basic pay minus Pension), whichever is less

The application form and detailed information are available on the Institute's website: www.cancerinstitute.edu.in
Advt. No. KSSSCI/Rectt/ER-01/2026-27 Executive Registrar

यूको बैंक आंचलिक कार्यालय : धनश्री कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, डी-63/8-एम, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी

ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के तहत)

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रर्वतन अधिनियम - 2002 (SARFAESI ACT - 2002) की धारा 13(2) सहपठित नियम 5, 6, 7, 8, और 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास साम्यिक बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति के संबंध में मांग-नोटिस जारी करने के उपरांत उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संपत्तियों को कब्जे में ले लिया है और अब प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्तियों को ''जो है, जैसा है, जहां है'' के आधार पर यथास्थिति ई-नीलामी द्वारा बिक्री करने हेतु निविदा https://baanknet.com पर आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	शाखा का नाम ऋणी का नाम व बन्धककर्ता का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	कब्जा तिथि/ कब्जा की वस्तु-स्थिति (वास्तविक/प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तिथि व बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / अग्रिम मूल्य / निविदा बढ़ोतरी राशि	प्राधिकृत अधिकारी का विवरण	ई-नीलामी की तारिख व समय
1	**शाखा : प्रतापगढ़ (2426)** ऋणी:- ओम ट्रेडर्स प्रोपराइटर अनिल कुमार गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद गुप्ता, पता-गाइघाट रोड, सदर दहिलामऊ प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश-230001 जमानतकर्ता:- प्रतापी देवी पत्नी भगवती प्रसाद गुप्ता, पता: गाइघाट रोड सदर दहिलामऊ प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश-230001	सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूमि एवं भवन शामिल कुल माप क्षेत्रफल 0.004 हेक्टेयर प्लाट नं0 102 मिन, श्रीमती प्रतापी देवी पत्नी भगवती प्रसाद गुप्ता के नाम पर, ग्राम गाइघाट रोड, साकेत गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास, तहसील सदर, जिला प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश-230001, बुक संख्या 1, खण्ड नं0 2927, पृष्ठ संख्या 363/378, दस्तावेज संख्या 1359, पंजीकरण तिथि 06.04.2011, **चौहद्दी (वास्तविक): पूर्व:** रास्ता 15'00'', **पश्चिम:** प्रेमा देवी का मकान, **उत्तर:** सुभाष गुप्ता पुत्र बहराइच का मकान, **दक्षिण:** राजेंद्र मिश्रा (नटरी) का मकान	15.02.2025 (प्रतीकात्मक)	09.12.2024 रू. 11,28,038.47 (31.08.2024 तक की रण्ना की गई बाकी) + उपचुक्त ब्याज, शुल्क, खर्च आदि	रू. 16.50 लाख / रू. 1.65 लाख / रू. 0.10 लाख	प्राधिकृत अधिकारी श्री संसार भूषण अग्रवाल मो0 : 9001081894	30.04.2026 प्रातः 10.00 से सायं 05.00 तक

नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तों के लिए यूको बैंक की वेबसाइट: https://uco.bank.in या पीएसबी आलियान्स का ई विक्रय के https://baanknet.com को देखें।
नोट: यदि प्रकाशित विज्ञापन में कोई त्रुटि हो जाती है तो अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन को सही माना जाये।
दिनांक 12.04.2026, स्थान : प्रतापगढ़ / अंग्रेजी विज्ञापन दि इण्डियन एक्सप्रेस में प्रकाशित। प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

प्रयागराज-खड़गपुर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज-खड़गपुर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

गाड़ी सं. 04142/04141 प्रयागराज-खड़गपुर द्वि-साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

04142 प्रयागराज-खड़गपुर | 04141 खड़गपुर-प्रयागराज

आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
--	15:30	प्रयागराज जं.	22:00	--
17:30	17:32	मिर्जापुर	19:30	19:32
20:00	20:10	पं. दीन द. उपाध्याय	18:00	18:10
21:25	21:27	सासाराम	16:20	16:22
21:40	21:42	डेहरी ऑनसोन	16:00	16:02
22:55	23:00	गया	14:20	14:25
01:30	01:35	ने.सु.च. बोस गोमोह	11:45	11:50
02:30	02:32	भोजूडीह	11:00	11:02
03:00	03:05	आद्रा	10:25	10:30
03:53	03:55	बांकुड़ा	09:38	09:40
06:00	--	खड़गपुर	--	07:45

प्रयागराज से- गाड़ी सं.04142 प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार, दिनांक- 14.04.2026 से 28.04.2026 **खड़गपुर से-** गाड़ी सं. 04141 प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार दिनांक- 15.04.2026 से 29.04.2026 **संरचना:** स्लीपर श्रेणी-09, सामान्य-07

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 803/26 FA

Jagran दैनिक जागरण

TRIPLE धमाका ऑफर

करोड़ों के उपहार

मात्र 40 कूपन काटिए, गारंटीड उपहार पाइए और साथ ही मेगा ड्रा में भी उपहार जीतने का मौका।

फायदा-1 हर पाठक को गारंटीड उपहार!

फायदा-2 मेगा ड्रा
1 एसयूवी
2 कार
10 स्कूटर
5 कपल गोवा ट्रिप (3 रात/4 दिन के लिए)
10 स्मार्टफोन
10 रेफ्रिजरेटर
10 40 इंच एलईडी टीवी
30 माइक्रोवेव
100 स्टील डिनर सेट

SUPER-15 फायदा-3
साथ ही सुपर15 योजना के 6 लकी ड्रा में मात्र 10 कूपन काटकर हर15 दिनों में जीतें लाखों के उपहार.
6 मोटर साइकिल
30 विंडो एसी 1.5 टन
30 कूलर
60 जूसर मिक्सर ग्राइंडर
90 ट्रॉली बैग
120 ब्लूटूथ ईयरबड्स
150 आयरन
21000+ सांत्वना पुरस्कार

प्रयागराज से प्रकाशित सभी संस्करणों के दैनिक जागरण / दैनिक जागरण-Inext के पाठकों के लिए लकी ड्रा के माध्यम से गारंटीड 500+ उपहार!

*नियम व शर्तें लागू

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
जागरण प्रकाशन लिमिटेड कार्यालय,
7 पी. डी. टंडन मार्ग, **प्रयागराज.** पिन-211001.
फोन-**97603 30999, 97179 92000**
(सुबह 11 से सायं 4 बजे)

पढ़ते रहिए- दैनिक जागरण

BUS STATIONS ON PPP MODE
DESIGN, BUILD, FINANCE, OPERATE & TRANSFER



49 HI-TECH PREMIUM BUS STATIONS
WORTH MORE THAN Rs. 4300 CRORE

UPSRTC offers development of Premium Bus Stations cum Commercial Complexes on PUBLIC PRIVATE PARTNERSHIP (PPP) basis across Uttar Pradesh on Design, Build, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) model.

SALIENT FEATURES
- Sites in heart of city.
- No Impact Fee for many commercial activities.
- Flexible bidding for single, multiple or all projects.
- Concession Period of 90 years.
- Greater FAR 2.5 available.
- Over INR 4300 Cr. worth project opportunities.

The details of bus stations offered on PPP mode are provided in the Tender Documents. The tender documents are available on: **https://etender.up.nic.in**

BIDDING SCHEDULE

Date of publication of tender documents	12.04.2026 on https://etender.up.nic.in
Last date of receiving clarifications	Upto 15:00 hrs on 26.04.2026
Pre Bid Conference	27.04.2026 (at 11:00 hrs) at Conference Hall, Parivahan Bhawan, Tehri Kothi, Lucknow
Date of uploading of addendum/corrigendum, if any	02.05.2026 (upto 15:00 hrs) on https://etender.up.nic.in
Bid submission date & place (Application Due Date)	08.06.2026 (upto 15:00 hrs) on https://etender.up.nic.in
Opening of technical bid	08.06.2026 (16:00 hrs onwards)

:FOR ENQUIRY:
Dr. Bipin Kumar Mishra (AMD), MOB.: 8299607405
Mr Yajuvendra Kumar(GM-PPP), Mob.: 9219615066
E-mail: ppp@upsrtc.com

U.P. STATE ROAD TRANSPORT CORPORATION
Mahatma Gandhi Marg, Tehri Kothi, Lucknow - 226 001,
Phone: 0522-2274250, 2621737, Website: www.upsrtc.com